# अशोक नगर

नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 9 जून, 2026



# मशालों की रोशनी में पर्यटकों ने किया घोस्ट वॉक

## चंदेरी में बढ़ा नाइट टूरिज्म का क्रेज : शूटिंग स्थलों और लोककथाओं से रोमांचित दिखे पर्यटक

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** अपनी ऐतिहासिक धरोहरों और प्रसिद्ध चंदेरी साड़ियों के लिए मशहूर पर्यटन नगरी चंदेरी अब पर्यटकों को एक नया और रोमांचक अनुभव दे रही है। यहां आने वाले सैलानी अब दिन के उजाले के साथ-साथ रात के अंधेरे में भी चंदेरी के रहस्यों को तलाश रहे हैं। हाल ही में मुंबई से आए पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी की गलियों में मशालों की रोशनी के बीच घोस्ट वॉक का अनूठा आनंद लिया।

इस दौरान जहां पर्यटकों ने दिन के समय चंदेरी दुर्ग, जौहर स्मारक, खूनी दरवाजा, कोशक महल और बादल महल जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों की समृद्ध विरासत को करीब से देखा। तो वहीं रात होते ही उनका रोमांच दोगुना हो गया।



**फिल्म स्त्री के शूटिंग स्थलों और लोककथाओं का रोमांच:** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के गाइड कल्ले भाई के मार्गदर्शन में यह घोस्ट वॉक खूनी दरवाजा से शुरू होकर नरसिंह मंदिर, राजा-रानी महल, सदर बाजार से होते हुए ढोलिया दरवाजा तक पहुंची। इस रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान पर्यटकों को उन खास जगहों पर ले जाया गया, जहां सुपरहिट हिंदी फिल्म स्त्री और कई प्रसिद्ध वेब सीरीज की शूटिंग हुई है। इस दौरान मशालों की टिमटिमाती रोशनी और सदियों पुरानी इमारतों के साए के बीच स्थानीय लोककथाओं और प्रेत-कथाओं के सस्पेंस ने रात के सन्नाटे को और अधिक रोमांचक बना दिया। पर्यटकों के अनुसार यह अनुभव किसी थ्रिलर फिल्म का हिस्सा होने जैसा था। वहीं लोगों का मानना है कि इतिहास, फिल्म पर्यटन और स्थानीय जनश्रुतियों के इस अनूठे संगम (नाइट टूरिज्म) से चंदेरी को देश भर में एक नई और रहस्यमयी पहचान मिल रही है, जो युवाओं और एडवेंचर लवर्स को बेहद आकर्षित कर रही है।

# धर्मांतरण के मामले में हो सख्त कार्रवाई

**विहिप एवं बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से धर्मांतरण से जुड़ी शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन कई मामलों में अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में हाल ही में ग्राम पांडरी से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया गया है। संगठन का दावा है कि एक युवती को कथित रूप से धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया गया और उसके साथ अनुचित व्यवहार करने का प्रयास किया गया। मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंच चुकी है, लेकिन संगठन अब पूरे नेटवर्क की जांच की मांग कर रहा है। इसके अलावा संगठन का आरोप है कि चंदेरी और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों से जुड़े कुछ लोग अभी भी कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। ज्ञापन में सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में लोगों की चिंता और बढ़ सकती है। संगठन ने प्रशासन से कानून व्यवस्था बनाए रखने और मामले की गंभीरता से जांच कराने की अपील की है।




## एक नजर में

### सूने घर से उड़ाए हजारों के जेवरात

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बडेरा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। फरियादी मोहन सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर में रखे लगभग 98,000 रुपये कीमत के चांदी के कीमती जेवरात साफ कर दिए और मौके से फरार हो गए। सुबह जब परिजनों को चोरी का पता चला, तो इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### ईसागढ़ में दो पक्षों में मारपीट

**ईसागढ़।** ईसागढ़ थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते मारपीट और खूनी संघर्ष के मामले सामने आए हैं। पहले मामले में परासरी निवासी राजेश जाटव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वालूराम, राजेंद्र और अर्जुन जाटव के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। वहीं दूसरे मामले में राजेंद्र जाटव की शिकायत पर सतेंद्र, जनक और मंगू जाटव के खिलाफ भी मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस दोनों ही मामलों की बारीकी से जांच कर रही है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**पिपरई।** अवैध शराब के काले कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए पिपरई थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी की। पहली कार्रवाई में आरोपी दिमान सिंह के पास से 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 1500 रुपये है। वहीं दूसरी कार्रवाई में मुस्तैद पुलिस ने आरोपी जितेंद्र यादव को धर दबोचा, जिसके पास से 28 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 4200 रुपये है। पुलिस ने दोनो ही मामलों में आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं।

# संतों पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

## मुनिश्री के सम्मान में सड़कों पर उतरा जैन समाज, बाईक रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जैन संतों पर हो रहे हमलों और सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम) पर की जा रही अभद्र व अमर्यादित टिप्पणियों के विरोध में सोमवार को जैन समाज सड़कों पर उतर आया। राजनैतिक चेतना मंच के कार्याध्यक्ष हुकम काका, संत सेवा संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रविंद्र पत्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया और पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में सुभाष गंज मैदान से एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्टरेट पहुंची, जहां इसने एक बड़ी सभा का रूप ले लिया और वहां उपस्थित संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम, एडिशनल एसपी गजेंद्र सिंह कंवर और एसडीओपी विवेक शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन महामंत्री राकेश अमरोद व शैलेंद्र श्रागर ने किया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल, सुनील अखाई, अजीत बरोदिया, प्रदीप तारई, अरविंद कचनार, अशोक जैन टींगू और मनोज सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





**दूषित मानसिकता के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा: एसपी मिश्रा**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा संत किसी एक समाज के नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावनाओं के प्रतीक होते हैं। संतों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले दूषित मानसिकता के लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस बिना किसी दबाव के पहले दिन से कार्रवाई कर रही है और ऐसे उपद्रवियों को ढूंढ-ढूंढकर सख्त सजा दी जाएगी।

**भ्रमित युवाओं पर हो कार्रवाई, नहीं तो होगा देशव्यापी आंदोलन:**

रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि कुछ स्थानीय भ्रमित युवा माहौल बिगाड़ रहे हैं, जिन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वहीं हुकम काका ने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घृणित मानसिकता पर रोक नहीं लगी, तो देशभर में उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा। इसके अलावा नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। संत सेवा संगठन के रविंद्र पत्रकार ने निष्पक्ष कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की। इसके साथ ही मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने आरोप लगाया कि कुछ लोग साजिश के तहत अन्य समुदायों के लोगों को पैसे देकर संतों के खिलाफ अभियान चलवा रहे हैं, जिनका पर्दाफाश होना जरूरी है।




# जिले में 28 जून से चलेगा पल्स पोलियों अभियान, लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में आगामी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए।

इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने अभियान की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में 28 जून से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष तक के 01 लाख 57 हजार 588 बच्चों को पोलियो की विशेष खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके चलते बच्चों को दवा पिलाने के लिए कुल 1050 पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। अभियान के पहले दिन (28 जून) को निर्धारित बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

# बरकतउल्ला विवि का न बदला जाए नाम

**एआईडीएसओ ने ज्ञापन सौंपकर की मांग**

**छात्रों की समस्या हल करने की कहीं बात**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (AIDSO) जिला परिषद द्वारा सोमवार जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में और विश्वविद्यालय की अन्य समस्याओं को दूर करने के संबंध में दिया गया है।

इस दौरान संगठन के जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने कहा कि कार्यपरिषद (EC) द्वारा नाम बदलने का यह निर्णय प्रदेश के छात्रों, शिक्षकों और जागरूक नागरिकों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा महान क्रांतिकारी बरकतउल्ला भोपाली ने देश की आजादी और आंदोलन के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। वे 1915 में अफगानिस्तान में बनी भारत की पहली अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। उनका नाम हटाना स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को कमजोर करने का प्रयास है।




**मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश**

छात्र संगठन का आरोप है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय को नाम बदलने की नहीं, बल्कि शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है। परीक्षा परिणामों में देरी, शिक्षकों की कमी, सत्रों का लेट होना और फीस बढ़ोतरी जैसी वास्तविक समस्याओं को सुलझाने के बजाय सरकार नाम बदलकर छात्रों का ध्यान भटका रही है। सौपे गए ज्ञापन में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम यथावत रखा जाने, परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक सत्र का संचालन समय पर और पारदर्शी तरीके से किये जाने, पर्याप्त संख्या में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति की जाने, विश्वविद्यालय में व्याप्त प्रशासनिक अनियमितताओं को तत्काल दूर किया जाने और महान क्रांतिकारी बरकतउल्ला भोपाली के योगदान को सम्मानपूर्वक याद रखे जाने की मांग की गई.

# तलवार के साथ शातिर पारदी गिरफ्तार

**चोरी की दो बड़ी वारदातों में था शामिल**

**अपराध की नियत से घूम आरोपी को पुलिस ने पकड़ा**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मंदसौर मील क्षेत्र से एक शातिर और आदतन पारदी अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस मुस्तैदी से जहां शहर में कोई गंभीर वारदात टल गई, वहीं पूछताछ में चोरी की दो बड़ी घटनाओं का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एएसपी गजेंद्र सिंह कंवर व एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बदमाश मोटरसाइकिल पर तलवार लेकर किसी बड़ी वारदात की नीयत से घूम रहा है। थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने तत्काल घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भाग रहे संदिग्ध को मुस्तैदी से दबोचा गया, जिसकी तलाशी लेने पर बाइक में छिपाई गई धारदार तलवार बरामद हुई। आरोपी की पहचान जीतू उर्फ नीतू पारदी (निवासी गढ़ला, हाल गुना) के रूप में हुई।



**पूछताछ में कबूली चोरी की वारदातें:** कोतवाली लाकर जब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अशोकनगर में अपने साथियों राजवीर, विक्की, दादी और भगत पारदी के साथ मिलकर चोरी की दो वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी ने करीब 25 दिन पहले दुर्गा कॉलोनी और बीते 24-25 मई की रात जेल के सामने एक सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर व नगदी चुराने की बात कबूला है।

**गंभीर मामलों का आरोपी:** पुलिस के अनुसार पकड़ा गया बदमाश जीतू पारदी बेहद शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ अशोकनगर, गुना और विदिशा जिलों में हत्या, बलात्कार, चोरी और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में विदिशा जेल से छूटा था। फिलहाल न्यायालय से उसका रिमांड लिया गया है, जिससे अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद है। इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक मसीह खान, पुनीत दीक्षित, सउनि विनोद तिवारी और आरक्षक प्रशांत भदौरिया सहित पूरी टीम की मुख्य भूमिका रही।

# आंवरी की पिंकी बनी लखपति दीदी

**अशोकनगर।** विकासखण्डु अशोकनगर की ग्राम पंचायत आंवरी की पिंकी जाटव राधे स्व सहायता समूह से जुडकर लखपति दीदी बन गई है। पहले अपने परिवार के साथ एक घरेलू महिला की तरह ही जीवन व्यतीत करने वाली पिंकी जाटव ने समूह के जरिए अपनी आजीविका गतिविधि को सुदृढ किया और उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण व प्रेरणा से तरक्की एवं खुशहाली की और अग्रसर हुई ग्राम आंवरी में आजीविका मिशन के द्वारा स्व सहायता समूहों के गठन का कार्य तो सन 2017 में हो ही गया था। लेकिन दीदी की उसी समय शादी हुई तो वह उस समय तो समूह में नहीं जुडी लेकिन अपने आस-पडोस की दीदीयों से समूह की जानकारी ली और स्वय कुछ करने की जिज्ञासा से पहले तो दीदी ने आरसेटी अशोकनगर से सिलाई कार्य का एक माह का प्रशिक्षण लिया फिर समूह से जुडकर मिशन की जानकारी, योजनाओं का समझा और बचत करना आरम्भ किया इसके बाद समूह में ही जेण्ड र सीआरपी की जगह पर काम किया।

## धर्म-कर्म

**श्रीराम कथा में सुनाया गया रावण वध का प्रसंग**

# पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न हुआ श्रीराम महायज्ञ

**नवभारत न्यूज**

**नईसराय।** श्री 1008 श्री श्री 21 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ का आयोजन पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हो गया। महायज्ञ के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। यज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीराम कथा में कथा वाचक राष्ट्रीय संत जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम और रावण युद्ध तथा रावण वध के प्रसंग का अत्यंत ओजस्वी एवं भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रावण वध केवल एक असुर के अंत की कथा नहीं है, बल्कि अहंकार, अधर्म और अन्याय पर धर्म, सत्य एवं मर्यादा की विजय का प्रतीक है।



कथा के दौरान संत श्री राम दिनेशाचार्य जी ने कहा कि जब-जब समाज में अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होते हैं। भगवान श्रीराम ने अपने आदर्श चरित्र, त्याग, मर्यादा और धर्म पालन के माध्यम से मानव समाज को जीवन जीने की सही दिशा प्रदान की। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्य, सेवा, सदाचार और परोपकार ही मानव जीवन की वास्तविक पूंजी हैं। रावण वध प्रसंग का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा कथा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर क्षेत्र के अनेक संत, गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

**सुधार एवं व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, आगामी जनकल्याण शिविरों और पेयजल व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने विभागवार शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिकायतें अटेंड की जाएं और जिले की रैंकिंग में सुधार कर ए ग्रेड हासिल किया जाए। इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार विकासखंड और नगरीय निकाय स्तर पर आमजन की समस्याओं के स्थानीय निराकरण के लिए 12 से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे। सभी विभाग पात्र हितग्राहियों को अपनी योजनाओं से लाभान्वित करेंगे।

वहीं 21 जून को होने वाले योग दिवस पर जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों और शासकीय संस्थाओं में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें जन-भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं जिले में जल स्रोतों के संरक्षण, वृक्षारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 08/06/2026

//विज्ञप्ति//

आवेदक महेश कुमार पुत्र गणेश प्रसाद याज्ञनिक निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चंदेरी द्वारा अपने दादा श्याम लाल याज्ञनिक पिता गिरधारी लाल की मृत्यु दिनांक 01/05/1969 को ग्राम चंदेरी में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु लोक सेवा केन्द्र चंदेरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/06/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी।

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर